तापमान
अधिकतम 39.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 20 मई 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

13 विकास कार्यों से बदलेगी गांव की सूरतः विधायक


14 छग के हसदेव जंगल व ओड़िशा की गंदमार्दन पर्वत को...


## हरा सोना : अब तक लगभग 76601 मानक बोरा की खरीदी

# विपरीत मौसम के बावजूद 12 दिनों में ही 85% 'हरा सोना' की तोड़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

तेंदूपत्ता यानि "हरा सोना" की इस साल अच्छी फसल हुई है। लगातार मौसम की खराबी के बावजूद 12 दिनों में ही लक्ष्य का 85 प्रतिशत तोड़ाई अभी तक हो चुकी है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा। जिले में 91300 मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य रखा गया है।

अब तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार लगभग 76601 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी हो चुकी है। बता दें कि तेंदूपत्ता संग्रहण वनांचल में निवासरत ग्रामीणों के आय का प्रमुख साधन है। मार्च में शाखकर्तन के बाद 6 मई से जिले की 75 समितियों के माध्यम से 786 फड़ों से हरा सोना का संग्रहण शुरू हुआ। जिसके साथ ही जंगलों में ग्रामीणों की चहल-पहल बढ़ गई। जानकारी के अनुसार इस बार तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य 91 हजार 300 मानक बोरा रखा गया है,जो गत वर्ष के बराबर है।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तेन्दूपत्ता तोड़ाई के पूर्व संग्राहकों का सर्वे किया गया। इस बार तेंदूपत्ता संग्रहण के कार्य में 94 हजार संग्राहक जुटे हैं। तोड़ाई और संग्रहण कार्य की मानिटरिंग के लिए फड़ों में बीट गार्ड, सचिवों की तैनाती की गई है। संग्राहकों द्वारा तेंदूपत्ता की तोड़ाई के बाद 50-50 पत्तों का एक बंडल तैयार कर फड़ों में उसे सुखाया जाता है। जिसके लिए धूप की पर्याप्त आवश्यकता है, यदि पत्तों को पर्याप्त धूप न मिले तो तेंदूपत्ता के सड़ने का डर बना रहता है लेकिन इस बार जब से तेंदूपत्ता की तोड़ाई शुरू हुई है तब से मौसम में आए लगातार बदलाव के कारण तेंदूपत्ता तोड़ाई प्रभावित हुई।



### बढ़ी मजदूरी

मालूम हो कि तेंदूपत्ता संग्रहण वनांचल के ग्रामीणों के आय का बड़ा जरिया है। इसी आय से इनकी गुजर-बसर होती है और यही कारण है इस कार्य में पूरा परिवार जुटा रहता है। पिछले साल तेंदूपत्ता संग्रहण की मजदूरी डेढ़ हजार रुपए रुपए प्रति मानक बोरा की बढ़ोत्तरी कर 5500 रुपए कर दी है। जबकि इससे पूर्व यह दर 4 हजार रुपए मानक बोरा था।

### लक्ष्य नहीं होता पूरा

पिछले पांच सालों से तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य किसी न किसी कारण से पूरा नहीं हो सका कभी मौसम की खराबी या अन्य कारण संग्रहण का कार्य प्रभावित होता रहा है। 2024 में 91300 मानक बोरा लक्ष्य था और 70301 मानक बोरा की खरीदी हुई । इसी प्रकार 2023 में 91300 मानक बोरा लक्ष्य में से 70 हजार मानक बोरा। 2022 में 95400 मानक बोरा लक्ष्य में 82 हजार 300 मानक। 2021 में 95400 मानक बोरा लक्ष्य में से जिसमें 74409 मानक बोरा, 2020 में 51840 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी हुई थी।

## खबर संक्षेप



### चाकू से प्राणघातक हमला, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** कोतवाली थाना अंर्तगत पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों के बीच विवाद में एक युवक ने दूसरे पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। गुरु घासीदास वार्ड 21 निवासी गंगाधर देवार ने थाने में शिकायत की है कि 17 मई की शाम उनके बड़े पुत्र हरीश देवार ने फोन कर बताया कि गुरूघासीदास वार्ड काली मंदिर के पास भाई उमीद कुमार देवार पर हरिश स्वीपर ने चाकू से प्राण घातक हमला कर दिया है। सूचना के बाद जब मैं पहुंचा तो मेरे छोटे बेटे उमीद कुमार ने बताया कि हरिश स्वीपर मोहल्ले के लड़कों से विवाद कर रहा था जिसे मैं बीच बचाव करने आया तो वह मुझे देखकर पुरानी विवाद की बातो को लेकर अश्लील गाली-गलौज कर पीटने लगा हरिश ने चाकू से हत्या करने की नीयत से प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाया।

# तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज

## उपाध्यक्ष ने दर्ज कराई जान से मारने की धमकी देने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

तुमगांव में तिरंगा यात्रा के पहले नगर पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष में विवाद मामले में उपाध्यक्ष सावित्री निर्मलकर की शिकायत पर पुलिस ने नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू पर अश्लील गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी के आरोप में उनके खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

तुमगांव थाना अंतर्गत वार्ड-13 निवासी व नगर पंचायत उपाध्यक्ष सावित्री उत्तम निर्मलकर ने थाने में शिकायत की है कि नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू व उनके पूरे परिवार ने नगर पंचायत कार्यालय में तिरंगा यात्रा के दौरान सभी पार्षद व कार्यालय के कर्मचारियों के सामने अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने आमादा हो गया और इसके पहले भी मेरे चारपहिया वाहन को रोककर बीच रास्ते में जान से मारने की धमकी दे चुका है। इनके द्वारा शासकीय संपत्ति को बिना नीलाम, बिना सूचना, बिना रसीद कटवाए चोरी कर ले जाता है मेरे द्वारा मना करने पर जान से मारने की धमकी देता रहता है। फिलहाल पुलिस शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

मालूम हो कि शनिवार को तुमगांव में तिरंगा यात्रा निकलने से पूर्व यहाँ के नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू और उपाध्यक्ष सावित्री निर्मलकर के बीच विवाद हो गया।

जिसके आधे घंटे बाद अध्यक्ष बलरामकांत साहू के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इधर, उपाध्यक्ष सावित्री निर्मलकर व उनके समर्थक यात्रा में शामिल नहीं हुए और मामले की शिकायत लेकर वे एसपी कार्यालय पहुंचे और अध्यक्ष के खिलाफ अश्लील गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी की शिकायत की। बाद पुलिस ने अध्यक्ष श्री साहू के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का आरोप-प्रत्यारोप

नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू ने कहा कि पालिका की ओर से क्षेत्र में पिचिंग कार्य कराया गया था। काम पूरा होने के बाद कुछ पत्थर बच गए थे। पुराने मद की मियाद खत्म हो जाने के कारण मुनादी कराकर पत्थरों को एक रुपए प्रति नग की दर से बेचा गया। जिसने पत्थर खरीदे, उसके पास रखने की जगह न होने के कारण उन्होंने मेरे कार्यालय के समीप खाली जमीन पर पत्थर रखवाए। इसी बीच उपाध्यक्ष पति उत्तम निर्मलकर के साथ कुछ लोगों ने मेरी गैर मौजूदगी में कार्यालय में आकर मेरे बच्चों के सामने मुझ पर चोरी-छिपे पत्थर बेच देने का आरोप लगाया। इस संबंध में मैंने उपाध्यक्ष के पति उत्तम से चर्चा करनी चाही। इस दौरान सावित्री निर्मलकर बीच में आ गई और अपनी चप्पल उठाकर पीटने की कोशिश की। उन्होंने दुष्कर्म या छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराकर फंसा देने की धमकी भी दी। इसी तरह उत्तम ने भी गाली-गलौज की है। अध्यक्ष का यह भी आरोप है कि मेरी गैर मौजूदगी में जब वे मेरे दफ्तर आए थे, तब से मेरे ट्रक के दो नग टायर गायब हैं। संदेह है कि टायर उन्हीं लोगों ने चुराए हैं। इधर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष का आरोप है कि तुमगांव के रामसागर तालाब में पिचिंग कार्य के बाद बचे हुए पत्थर को अध्यक्ष ने चोरी-छिपे बेच दिया है। करीब 5 हाईवा बोल्डर बेचे गए हैं। जबकि, एक रुपया प्रति नग की दर से बोल्डर की नीलामी होनी थी और रामसागर तालाब में पिचिंग का नया काम भी शुरू होने वाला है। अध्यक्ष ने पत्थर बेच देने के बाद मुनादी कराई है। हमारे द्वारा आवाज उठाई गई तो अश्लील गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी गयी। पहले भी उन्होंने विवाद खड़ा किया है और जानलेवा हमले की कोशिश की थी।

# बसों में महिलाओं को नहीं मिल रही पैनिक बटन की सुविधा

## केवल स्कूली बसों में हुआ पालन, निजी बसों की जांच तक नही

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद




यात्री बसों में लोगों को पैनिक बटन की सुविधा नहीं मिल पा रही है। दरअसल, यह सुविधा सभी बसों में खासकर महिला सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लिया गया था। लेकिन, फिलहाल यह सेवा केवल 155 स्कूल बसों तक ही सिमट कर रह गई है। जबकि, परिवहन विभाग ने सभी बस ऑपरेटरों को पूर्व में भी निर्देशित किया था कि बसों में जीपीएस व पैनिक बटन लगाएं। बता दें कि नई बसों में पहले से ही जीपीएस व पैनिक बटन लग कर आ रहे हैं। बसों में अक्सर यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार, ओवरलोडिंग, निर्धारित से ज्यादा किराया वसूली और महिलाओं के लिए सीट आरक्षित नहीं होने की शिकायत मिलती रहती है। कमांड सेंटर से वर्तमान में बसों को ट्रैक किया जा रहा है, लेकिन यह पुलिस विभाग का है और इसमें कई तरह की सूचनाएं आती हैं। जिससे यह काफी व्यस्त रहता है। राजधानी रायपुर में परिवहन विभाग भी स्वयं का हाईटेक सेंट्रल कमांड सेंटर भी बनाने की तैयारी में है। जहां से बसों की मॉनिटरिंग की जाएगी। इधर, पुरानी बसों के ऑपरेटर्स रुचि नहीं दिखा रहे हैं। जिले में लगभग 250 बसें विभिन्न मार्गों पर चल रही हैं। महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पैनिक बटन लगाने के निर्देश दिए थे। स्कूल बसों की तो परिवहन विभाग हर 6 महीने में जांच करता है, लेकिन यात्री बसों में सुविधाएं हैं या नहीं, इसकी परिवहन विभाग कोई जांच नहीं करता है। यात्रियों को खटारा बसों में सफर करना पड़ रहा है। पूर्व में कहा गया था कि बसों में वीएलटी डिवाइस होने पर ही फिटनेस दिया जाएगा, लेकिन डिवाइस नहीं होने पर भी बसें चल रही है। महासमुंद से रायपुर जाने वाले मार्ग पर मिनी बस ही चलती है। परिवहन विभाग द्वारा फिटनेस की जांच भी नहीं की जा रही है। आरटीओ आरके ध्रुव ने बताया कि लगभग 155 स्कूल बसों में जीपीएस व पैनिक बटन लगाए जा चुके हैं। यात्री बसों में भी लगाने के लिए कहा गया है।

### डेढ़ साल पूर्व जारी हुआ था निर्देश

29 फरवरी 2024 को निर्देश जारी किया गया था और एक मार्च 2024 से वीएलटी डिवाइस अनिवार्य किया गया था। फिर भी नहीं लग पाए तो 31 जुलाई 2024 को फिर से निर्देश जारी किया गया। केवल स्कूल बसों में ही जीपीएस लगाकर औपचारिका पूरी की गई। जिले में लगभग 250 बसों का परिचालन होता है।

### निजी बसों की नही होती नियमित जांच

स्कूल बसों की तरह निजी यात्री बसों की जांच नहीं की जाती है। इसके अलावा उड़नदस्ता दल भी पुरानी बसों की जांच नियमित नहीं करता है। कुछ दिनों तक कार्रवाई होती है, उसके बाद फिर से पुराने ढर्रे पर व्यवस्था लौट आती है। ज्यादातर ऑपरेटर पुरानी बसों ग्रामीण रूट पर चलाते हैं। जहां विभाग जांच नहीं करता है।

GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

1800+
Success Stories of Chhattisgarh & A Legacy of Excellence

GOAL छत्तीसगढ़ के सफल छात्रों को AIIMS & JMC RAIPUR में पढ़ने का मौका मिला NEET 2024

NEET की सटीक तैयारी, Goal Institute के साथ !



इस वर्ष नीट 2025 में कठिन प्रश्न आने के बावजूद भी GOAL के 42 QUESTION MATCHED हुए

| NEET 2025 QUESTION | GOAL TEST 2024-25 | DATE |
|---|---|---|
| Q.2 | AITS Flash Back-02 (Q.NO.-50)<br>SPOT TEST-02 (Q.NO-29) | 08.09.2024<br>22.01.2025 |
| Q.3 | AITS F.B.-04 (Q.NO-13) | 01.12.2024 |
| Q.8 | DPP-25 (Q.NO-02) | 21.04.2025 |
| Q.9 | AITS MAJOR TEST-09 (Q.NO-138) | 13.04.2025 |
| Q.11 | DPP-09 (Q.NO-02) | 11.03.2025 |
| Q.20 | DPP-11 (Q.NO-43) | 18.03.2025 |
| Q.27 | DPP-25 (Q.NO-22) | 21.04.2025 |
| Q.32 | SPOT TEST-14 (Q.NO-13) | 23.04.2025 |
| Q.33 | AITS MAJOR TEST -5 (Q.NO-148) | 16.03.2025 |
| Q.34 | AITS MAJOR TEST-10 (Q.NO-148) | 20.04.2025 |
| Q.42 | AITS MIN TEST-01 (Q.NO-06) | 30.06.2024 |
| Q.43 | AITS FLASH BACK-02 (Q.NO-48) | 08.09.2024 |
| Q.45 | MIN TEST-10 (Q.NO-50) | 29.12.2024 |
| Q.48 | DPP-25 (Q.NO-83) | 21.04.2025 |
| Q.51 | AITS MIN TEST-06 (Q.NO-80)<br>AITS MAJOR TEST-06 (Q.NO-20) | 06.10.2024<br>23.03.2025 |
| Q.53 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-38)<br>AITS MAJOR TEST-04 (Q.NO-180)<br>AITS MIN TEST-04 (Q.NO-79) | 23.02.2025<br>09.03.2025<br>25.08.2024 |
| Q.57 | DPP-03 (Q.NO-90) | 28.02.2025 |
| Q.61 | DPP-06 (Q.NO-83) | 06.03.2025 |
| Q.64* | AITS MIN TEST-08 (Q.NO-93)<br>SPOT TEST-05 (Q.NO-174)<br>DPP-02 (Q.NO-156)<br>DPP-03 (Q.NO-87)* | 07.11.2024<br>19.02.2025<br>25.02.2025<br>28.02.2025 |
| Q.67 | AITS MAJOR TEST-09 (Q.NO-36) | 13.04.2025 |
| Q.69* | DPP-10 (Q.NO-70)*<br>DPP-20 (Q.NO-71) | 17.03.2025<br>11.04.2025 |
| Q.72 | AITS F.B.-02 (Q.NO-54)<br>DPP-16 (Q.NO-66) | 08.09.2024<br>28.03.2025 |

| NEET 2025 QUESTION | GOAL TEST 2024-25 | DATE |
|---|---|---|
| Q.75 | AITS MIN TEST-05 (Q.NO-75) | 22.09.2024 |
| Q.79 | AITS MAJOR TEST-04 (Q.NO-150)<br>SPOT TEST-04 (Q.NO-62) | 03.03.2025<br>09.03.2025 |
| Q.99 | AITS MAJOR TEST-11 (Q.NO-67)<br>DPP-19 (Q.NO-150) | 27.04.2025<br>10.04.2025 |
| Q.103 | AITS MIN TEST-09 (Q.NO-170) | 15.12.2024 |
| Q.105 | AITS MIN TEST-09 (Q.NO-189)<br>DPP-21 (Q.NO-144) | 15.12.2024<br>14.04.2025 |
| Q.106 | DPP-03 (Q.NO-163) | 28.02.2025 |
| Q.116 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-102) | 23.02.2025 |
| Q.117 | AITS F.B.-02 (Q.NO-108) | 08.09.2024 |
| Q.122* | AITS MIN TEST-05 (Q.NO.137)*<br>DPP-18 (Q.NO-137) | 22.09.2024<br>07.04.2025 |
| Q.144 | AITS MIN TEST-08 (Q.NO-146) | 17.11.2024 |
| Q.150 | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-158) | 16.02.2025 |
| Q.152 | AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-168)<br>AITS MAJOR TEST-01 (Q.NO-118)<br>AITS MAJOR TEST-05 (Q.NO-07) | 16.02.2025<br>16.02.2025<br>16.02.2025 |
| Q.155* | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-166)*<br>AITS MAJOR TEST-03 (Q.NO-31)*<br>DPP-18 (Q.NO-124) | 23.02.2025<br>02.03.2025<br>07.04.2025 |
| Q.156 | AITS MINORTEST-02 (Q.NO-132) | 09.02.2025 |
| Q.163 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-124)<br>SPOT TEST-05 (Q.NO-54) | 23.02.2025<br>19.02.2025 |
| Q.166 | AITS MIN TEST-01 (Q.NO-188) | 30.06.2024 |
| Q.169 | AITS MIN TEST-02 (Q.NO-194) | 14.07.2024 |
| Q.175 | AITS MIN TEST-02 (Q.NO-169) | 14.07.2024 |
| Q.180 | AITS MAJOR TEST-02 (Q.NO-114)<br>SPOT TEST-13 (Q.NO-79)<br>DPP-25 (Q.NO-94) | 23.02.2025<br>16.04.2025<br>21.04.2025 |

NEET-2025
Question Paper With Answer Key
TYPE : https://bit.ly/4lW8feR

DIRECT ADMISSION
Goal Bhilai & Bilaspur Centre with Scholarship in Chhattisgarh

- For CBSE Board (Top 20 Merit Students) 70%
- For State Board (Top 20 Merit Students) 70%
- For Army Family's Child 50%
- For JNV Students 50%
- For 2nd & 3rd Dropper Students 40%
- For All Dropper Students 25%

ADMISSION OPEN - 2025-26

DROPPER BATCH
For NEET / JEE- Classes Starts on
23rd, 30th May & 06th, 13th, 20th, 27th, June 2025

FOUNDATION BATCH
For 11th & 12th - Classes Starts on
23rd May & 02nd June 2025

BHILAI: 166, NEW CIVIC CENTRE PH- 0788-4013502 Mob: 74158-84100 98269-43595
RAIPUR: BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711 Mob: 77720-60999
BILASPUR: 2nd FLOOR, AMBE TRADE CENTRE, CMD, LINK ROAD, PH- 07752-320345 Mob: 99264-54100

GOAL BRANCHES : DELHI | PATNA | RANCH | DHANBAD www.goalinstitute.org goal institute_bhilai goalinstitutebhilai

## खबर संक्षेप

### वाहन चालक, मालक सामाजिक संघ का सम्मेलन कल

**महासमुंद।** स्थानीय शंकराचार्य भवन में 21 मई को बुधवार को सुबह 11:30 बजे वाहन चालक मालक सामाजिक संघ महासमुंद का स्थापना व सम्मेलन कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के वाहन चालक मालक सामाजिक संघ के पदाधिकारीगण शामिल होंगे।

### अज्ञात शव का अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** विगत दिनों दलदली रोड रेलवे फाटक नं 2 एवं शराब भट्टी नंबर 2 के पास ट्रेन से कटा हुआ शव मिला। पुलिस ने शव मुक्तिधाम सेवा समिति के सुपुर्द किया। समिति ने उनका ससम्मान अंतिम संस्कार किया। इस दौरान मुख्य रूप से समिति के सदस्य डॉ. जे. शुक्ला ओमप्रकाश औसर, फगुवा पटेल, राजू चंद्राकर, डॉ. एजाज नकवी, गुमानचंद जैन, मनोज पटेल, संजय साहू आदि मौजूद रहे।

### सरकारी मकान से आभूषण व नकदी चोरी

**महासमुंद।** सरायपाली के शासकीय अस्पताल में सेवारत कर्मचारी के अस्पताल परिसर स्थित सरकारी मकान से सोने, चाँदी के आभूषण व नकदी चोरी हो गई। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 305, 314(2) के तहत मामला दर्ज किया है। सरायपाली शासकीय अस्पताल परिसर स्टाफ क्वार्टर जी-1 निवासी शीतल सिंह ने शिकायत की है कि 15 मई को वह पारिवारिक शादी कार्यक्रम में सुबह अपने परिवार के साथ घर में ताला बंद कर कटघोरा कोरबा गई थी। दूसरे दिन लक्ष्मीकांत लहरे ने फोन पर सूचना दी कि आपके घर के दरवाजा की कुण्डी टूटी हुई है कोई चोर ताला तोड़ कर सामान चोरी कर ले गया है। सूचना पर घर आकर देखा तो घर के दरवाजे की सभी कुण्डी टूटी हुई थी व आलमारी खुला हुआ था सभी आलमारी के लॉकर टूटे हुए थे जिसमें से पुराना इस्तेमाली सोने की दो लटकन, एक टॉप्स कुल तीन जोड़ी कान का, नाक की चार फूली कुल वजनी डेढ़ तोला कीमती करीब 25 हजार रुपए, पुराना इस्तेमाली चांदी की पायल तीन जोड़ी लगभग 200 ग्राम कीमती करीब 12 हजार व रुपए नगदी रकम 25 हजार रुपए गायब था।

### प्रेमप्रकाश आश्रम में कल से चालीहा महोत्सव

**धमतरी।** चालीहा महोत्सव 21 मई से 30 जून तक श्रद्धा भक्ति एवं उमंग के साथ गुरु भक्तों द्वारा मनाया जाएगा। स्वामी टेऊंराम नगर में स्थापित श्री प्रेमप्रकाश आश्रम में यह उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 21 मई की रात्रि 9.30 बजे से 10.30 बजे तक स्वामी टेऊंराम चालीसा पाठ का आयोजन होगा। रात्रि 9.30 बजे सर्वप्रथम प्रार्थना की जाएगी एवं तत्पश्चात गुरु प्रार्थना अष्टक का पाठ होगा फ़िर दुख निवारण अष्टक का पाठ किया जाएगा। आचार्य श्री के गुणगान से परिपूर्ण भजन गाकर कीर्तन करते हुए भक्ति के रस में डूबते हुए सत्संग की मौज का आनन्द लेकर गुरु बाबा का चालीसा पाठ किया जाएगा। आचार्य श्री एवं इष्टदेव भगवान लक्ष्मी नारायण की आरती कर पल्लव पाकर, चटनी ढोढा का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### अतिथियों को गुमराह करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : ठाकुर

**धमतरी।** अंगारमोती परिसर गंगरेल में आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट के नवनियुक्त पदाधिकारियों को आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के जिलाध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर ने शपथ दिलाई। समारोह में 10 वीं एवं 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित अतिथियों को गुमराह कर नहीं आने से मना करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर सामाजिक नियमावली के अनुसार कार्रवाई की जायेगी।ये लोग समाज विरोधी के साथ- साथ सरकार विरोधी भी हैं। इन्होंने शपथ ग्रहण समारोह का विरोध नहीं किया बल्कि शासन एवं प्रशासन का विरोध किया है। आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ऐसे लोगों की घोर निंदा करता है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बोंदा में निकाली गई तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचन्द्र मांझी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएन दीवान एवं बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल के मार्गदर्शन में भारतीय सेवा के सम्मान में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। राष्ट्रीय सुरक्षा नगरिक के लिए ऑपरेशन सिंदूर भारत सरकार द्वारा चलाया गया। इसमें भारत को सफलता मिली। पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर की जीत पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा किए गए कायराना करतूत का बदला भारतीय सेना, वायु सेना एवं नौ सेना ने साझा रूप से ऑपरेशन सिंदूर चलाया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की आतंकी लॉच पैड और आतंक के प्रशिक्षण देने वाले जगह को चुन-चुन कर मिट्टी में मिला दिया। पाकिस्तान के हवाई पट्टी पर भी हमला कर उनके राडार और हवाई तकनीक को ध्वस्त कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर जहां एक ओर पाकिस्तान के सारे हथियारों ने घुटने टेक दिए। वहीं भारत की उन्नत सुरक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान की एक गोली को भी भारत की सीमा में प्रवेश नहीं करने दिया। आज का भारत सीमा सुरक्षा के मामले में कहीं आगे पहुंच चुका है और यह बात ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया तक पहुंची है।

इसी खुशी में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, छात्र-छात्राओं ने तिरंगा लहराते हुए भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। ग्राम बोंदा नवापाली में सभी शिक्षक के उपस्थिति में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर विभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधि, संस्था प्रमुख, प्राचार्य, प्रधान पाठक, व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक, शिक्षिका, नागरिक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# समर क्लास, बच्चों की प्रतिभा को मिला नया मंच और प्रोत्साहन

**महासमुंद।** सिरपुर, सेजेस तुमगांव, पीएमश्री अमलोर, हिंदी माध्यम आदर्श विद्यालय महासमुंद एवं पीएमश्री पीएस बृजराज विद्यालय में संचालित समर कैंप/समर क्लास का अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर डीएमसी रेखराज शर्मा एवं बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा द्वारा विद्यार्थियों की गतिविधियों का अवलोकन किया गया। समर क्लास के दौरान बच्चों ने रंगोली, चित्रकला, गीत, कहानी, कविता एवं नृत्य जैसी विविध रचनात्मक गतिविधियों में अत्यंत ही मनमोहक, प्रभावशाली एवं आत्मविश्वास से परिपूर्ण प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों की रचनात्मकता, ऊर्जा और भावनात्मक अभिव्यक्ति देखकर सभी उपस्थितजन अभिभूत हो गए। डीएमसी रेखराज शर्मा ने बच्चों की कला एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समर क्लासेस छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत



लाभकारी हैं। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट देकर प्रोत्साहित भी किया। वहीं बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने कहा कि ये कक्षाएं न केवल छात्रों के कौशल को निखारने का अवसर देती हैं, बल्कि उन्हें मंच पर प्रस्तुत होने का आत्मबल भी प्रदान करती हैं। इस प्रेरणादायक अनुभव के आधार पर अन्य विद्यालयों से भी आग्रह किया गया कि वे अपनी सुविधानुसार समर क्लास/समर कैंप का आयोजन करें, जिससे अधिक से अधिक बच्चों को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता को उड़ान देने का अवसर मिल सके। समर क्लासेस के संचालन में सेजेस प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, पीएमश्री सेजेस तुमगांव के प्राचार्य लंकेश कुरील, प्रधानपाठक चिंतामणि चंद्राकर, पीएमश्री बृजराज विद्यालय की प्रधान पाठक गोमती साहू, पीएमश्री शाला अमलोर के प्रधानपाठक हृदय राम ध्रुव एवं प्राशा सिरपुर की शिक्षिका कावेरी वैष्णव का विशेष योगदान रहा।

# राज्य स्तरीय नेटबॉल चैंपियनशिप में महासमुंद की बालिका टीम रही तीसरे स्थान पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

5वीं सब जूनियर राज्य स्तरीय नेटबॉल बालक /बालिका प्रतियोगिता का आयोजन जांजगीर में 17 से 18 मई 2015 तक आयोजित किया गया, जिसमें जिले की बालक बालिका टीम शामिल रहीं। जिले से बालिका टीम में ओजस्वी चंद्राकर, तारिणी साहू, योजना रंगारी, तृप्ति धीवर, नम्रता धीवर, खुशी साहू एवं बालक टीम में ग़तील पटेल, अर्णव दास, आयुष्मान कन्नौजिया, सत्य सागर साहू, आदित्य पटेल, आशीष शर्मा व दल मैनेजर कुलेश्वर चंद्राकर, शुभम तिवारी शामिल हुए। चैंपियनशिप में जिले की बालिका टीम अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। पदक जीतने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, दीपक मंडावी, राजस्व निरीक्षक मनीष वास्तव, किरण महानिक, संतोष सोनी, शुभम तिवारी, सचिव अभिषेक अंबिलकर, कुलेशवर, हिरेंद्र साहू, सौम्या, आकाश सोनी जिला नेटबॉल संघ के खिलाड़ियों ने बधाई दीं।

# तोरेसिंघा में समाधान शिविर का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ग्राम पंचायत तोरेसिंघा में समाधान शिविर आयोजित की गई। सुशासन त्योहार समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम आवेदकों के मांग एवं शिकायतों का समाधान हो रहा है। इस शिविर में संबंधित पंचायतों का विभिन्न आवेदन निराकृत किया गया। प्राप्त आवेदन का विभागीय अधिकारियों द्वारा गुणवत्तापूर्वक निराकरण कर समाधान शिविर के माध्यम से आवेदकों को अवगत कराया जा रहा है। इस शिविर में शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्रक, ऋण पुस्तिका पत्रक, कृषक को किसान क्रेडिट कार्ड, बच्चों को सुपोषण कीट, किसानों को खाद बीज, आयुष्मान कार्ड वितरण, श्रवण यंत्र वितरण, मनरेगा जाब कार्ड वितरण किया गया। शिविर में महिला आयोग की सदस्य एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, जिला पंचायत सदस्य लोकनाथ बारी, नीलाम्बर तांडी, प्रदीप साहू, राजकुमार पटेल, राजकुमार भोई, सरपंच सुनीता, अपर कलेक्टर रविराज साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकार अमित हलदार, तहसीलदार श्रीधर पंडा, अतिरिक्त तहसीलदार मनीषा देवांगन। विकासखंड अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर लोकनाथ बारी ने कहा कि यह शिविर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं को आम जनता तक पारदर्शिता और प्रभावशीलता के साथ पहुंचाना है। शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों की जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया तथा हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं लाभ प्रदान किए गए।

### प्राथमिकता क्रम हो समस्याओं का निराकरण

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का विभाग वाइस सर्वे करे और प्राथमिकता क्रम में संबंधित प्रकरण को तत्काल निराकरण करें। सुशासन तिहार का मूल उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक ले जाना है। जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर ने कहा कि हमारा संकल्प है कि राज्य के हर नागरिक तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचे और कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे।

# सब्जी बाजार में निरीक्षण के लिए पहुंचे नपाउपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



बिन्नी बाई सुपर मार्केट (सब्जी बाजार) में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी निरीक्षण करने पहुंचे। जहां भारी गंदगी कचरा को देख कर सफाई प्रभारी दिलीप चन्द्राकर एवं सफाई मेट जीतू सोनी को सफाई दल के साथ स्थल पर बुलाकर पूरे मार्केट की सफाई करने का निर्देश दिया गया। राठी ने सब्जी व्यापारियों से भी कहा कि सब्जी की गंदगी नही फैलाए। शौच एवं प्रसाधन के लिए नगर पालिका द्वारा बनाए शौचालय का उपयोग करें। सफाई व्यवस्था में हर सब्जी व्यापारी को सहयोग करना आवश्यक है। कही भी कचरा न फेंके। सफाई प्रभारी को कहा गया कि मार्केट में कचरा एक जगह डालने के लिए ट्राली रखें, जिससे लोग ट्राली में कचरा डाल सके। इससे इधर उधर लोग कचरा नही फैलाएंगे तथा नियमित प्रतिदिन मार्केट की सफाई आवश्यक है। बाजार के व्यापारी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

# खुटेरी में सुशासन तिहार का आयोजन

अरंड (पिथौरा)। ग्राम खुटेरी में सुशासन तिहार का आयोजन विद्यालय परिसर खुटेरी में किया गया। जिसमें विभिन्न पंचायतों के आम जनता अपनी जरूरत और समस्या के समाधान के लिए एक छत के नीचे एकत्रित हुए। वहीं विभिन्न विभागों के स्टॉल भी लगाए गए। इसमें शिक्षा विभाग, कृषि, वन विभाग, कल्याण विभाग, चिकित्सा विभाग आदि शामिल हे। शिविर में प्राप्त आवेदनों के समस्याओं का समाधान एवं मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। अध्यक्षता जनपद पंचायत पिथौरा की अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतरालहरे ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत पिथौरा के उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल उपस्थित थे। विशेष अतिथि देवसिंह निषाद नगर पंचायत अध्यक्ष पिथौरा तथा मंडल अध्यक्ष नीलकंठ साहू, जनपद सदस्य दीपक भानु दीवान, सरपंच सुशीला माझी, नरेश सिंघल, प्रियांशु दीक्षित, अनुविभागीय अधिकारी पिथौरा, तहसीलदार पिथौरा, पूर्व सरपंच घनश्याम धांधी, पूर्व सरपंच रघुनंदन पटेल, उपसरपंच गेशराम पटेल, पंच लिलेश्वरी ध्रुव, नारायण ध्रुव, रमेश बरिहा, कुंजराम पटेल, भोज कुमारी पटेल, रवीना ध्रुव, आरती सिन्हा, ज्योति ठाकुर, द्वारिका पटेल, उमेश दीक्षित, सचिव दीपिका यदु इत्यादि उपस्थित रहे। विभिन्न विभागों की समीक्षा के दौरान सांसद ने समस्याओं पर संज्ञान लेकर चर्चा की एवं समाधान भी निकाले। साथ ही अलग-अलग योजनाओं के तहत हितग्राहियों को चेक व आवास संबंधी लाभ दिए। शिक्षा विभाग से दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूल बैग एवं चलने फिरने के लिए उपकरण प्रदान किया। इस अवसर पर प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी डड़सेना, बीआरसीसी नरेश कुमार पटेल, साक्षरता नोडल अरुण कुमार देवता, रोहिणी देवांगन, डोलामणी साहू, पालेश्वर पटेल, अभिनंदन नाग, तुलसी पटेल इत्यादि उपस्थित थे। जनप्रतिनिधियों ने विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया।

# श्यामतराई में वनोपज उद्योग की स्थापना के लिए जमीन का होगा आवंटन

- उद्योग स्थापित करने की प्रक्रिया और सुविधाओं को लेकर व्यापारियों की हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी





ग्राम श्यामतराई में छग शासन द्वारा वनोपज आधारित उद्योग की स्थापना के लिए जमीन का आवंटन किया जाना है। जमीन पर उद्योग स्थापित करने की प्रक्रिया और प्रशासन द्वारा मिलने वाली सभी सुविधाओं की जानकारी हेतु व्यापारियों के लिए कार्यशाला लघु वनोपज व्यापारी संघ द्वारा आयोजित की गई। मुख्य वक्ता जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के प्रमुख सुरेंद्र पुरी गोस्वामी थे। सुरेंद्र पुरी गोस्वामी, सत्यनारायण राठी, नितिन चितलिया, अरविंद दोशी व संघ के सचिव हरलाल साहू मंच पर थे।

सुरेंद्रपुरी गोस्वामी ने व्यापारियों से प्रशासन के द्वारा मिलने वाली सभी सुविधाओं को बताया। सत्यनारायण राठी ने भी वनोपज उद्योग के विकास के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। अध्यक्ष इश्तियाक रोकड़िया ने इस प्रोजेक्ट को वनोपज व्यवसाय के लिए मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम में गौरेश शाह, ज्ञानीराम रामटेके, इकबाल रोकड़िया, संतोष शाह, भीखम नाहर, सुरेश राठी, शरीफ रोकड़िया, पवन भंसाली, दिलावर रोकड़िया, सफी भाई, सुनील बच्चानी, केशव खंडेलवाल, नरेंद्र जायसवाल, इमरान रोकडिया, शब्बीर मेमन, बंटी चिमनानी, सुब्हानी बेग उपस्थित थे।

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए सकारात्मक सोच जरुरी : रागिनी



**धमतरी।** परिक्षेत्र साहू समाज मौरीखुर्द कुरुद के कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित निःशुल्क शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर के 19वें दिवस कुरुद एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने बच्चों का करियर मार्गदर्शन करते हुए बताया कि सकारात्मक सोच से हमें एक नई ऊर्जा के साथ ही तनाव से मुक्ति मिलती है और इससे लक्ष्य प्राप्ति में आसानी होती है। जिस क्षेत्र में आप जाना चाहते हैं उसके बारे में जानकारी लेकर पूरे मनोयोग से कार्य करें। इससे आपको किसी की मोटिवेशन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। आप स्वयं अभिप्रेरणा की केंद्र बिंदु है। अभाव से भयभीत न होकर उसका सामना करना चाहिए। अभाव से ही हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। नशामुक्त परिवार से हम अपने देश, धर्म, संस्कृति, समाज की उन्नति कर सकते हैं। माता-पिता का सदैव सम्मान करें। वह हमारे प्रेरणास्त्रोत हैं। शिविर में परिक्षेत्र अध्यक्ष पोषण साहू, लखन साहू, गौतम साहू, शिक्षक गोविंद साहू, होमेन्द्र, कामेश्वरी ध्रुव, जागेश्वर, केजू, नेमीन सिन्हा, हरिनारायण, देवेंद्र पाल, वीणा, किरण चंद्राकर, ठाकुरराम, ओमप्रकाश, मोहन, ज्ञानेश्वर, संजय साहू, देवनारायण, देवेंद्र, हीरु, यादराम, गोपाल, भन्नूराम समेत ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्षगण, परिक्षेत्र पदाधिकारीगण, सदस्यगण, शिक्षकगण जुटे हुए हैं।

# वर्तमान समय भारत के लिए कठिन व निराशाजनक है : कविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



जिपं सदस्य कविता बाबर ने कहा कि भारत वर्तमान समय में जिस दौर से गुज़र रहा है, वह बेहद कठिन व निराशाजनक है। भारत की सेना शुरू से ही शक्तिशाली व समर्पित रूप से काम करने वाली रही है। आज सेना की बदौलत ही विश्व में भारत को सम्मान की नज़र से देखा जाता है लेकिन वर्तमान समय में मोदी सरकार राष्ट्रवाद के नाम पर देश में धर्म और जाति आधारित राजनीति करते हुए निर्णय ले रही है जो भविष्य के लिए घातक साबित होगा। भारत देश शुरू से ही सर्व धर्म समभाव व वसुधैव कुटुम्बकम पर आधारित है लेकिन वर्तमान समय में देश के अंदर जाति विशेष को लेकर जो नफ़रत व ज़हर घोलने का माहौल पैदा किया जा रहा है, वह उचित नहीं है। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान को कुचलने का कार्य वर्तमान मोदी सरकार द्वारा किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी द्वारा शुरू से ही इस बात पर बल दिया जा रहा है कि भारत का संविधान ख़तरे में है और इसे हमें बचाना बहुत ही जरूरी है। इसी क्रम में कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे देश में संविधान बचाव यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष को ख़त्म करने का प्रयास कर रही है।

# कुर्रा में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन




**धमतरी।** ग्राम कुर्रा में मेन रोड से स्कूल भवन तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। सड़क निर्माण की अनुमानित लागत 20 लाख है, जिससे गांववासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने पूजा-अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में श्री रोहरा ने कहा कि हमारी सरकार का संकल्प है कि गांव हो या शहर, हर क्षेत्र में समान रूप से विकास हो। सबका साथ, सबका विकास इसी सोच की बुनियाद है और हम गांव-गांव तक इस भावना के साथ विकास की रोशनी पहुंचा रहे हैं।

# डुबान संघर्ष समिति युवा बेरोजगार संघ ने मांगा रोजगार

**धमतरी।** डुबान संघर्ष समिति युवा बेरोजगार संघ ने जिले के बांधों में स्थायी नौकरी मांगने गांधी मैदान में अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रारंभ कर दिया है। गंगेरल, सोंढूर, दुधावा, मुरूमसिल्ली बांध निर्माण के समय डूब में आए सैकड़ों परिवार के युवा बेरोजगार हैं। मुआवजा तो नहीं मिला। अब चतुर्थ श्रेणी, श्रमिक वर्ग, तृतीय वर्ग पदों में स्थानीय लोगों की नियुक्ति की मांग शासन से की है। संघ के अध्यक्ष कुंवर सिंह ध्रुव, ललित पटेल, सरस्वती साहू, विनिता ध्रुव, शिवराम सेन, निखिलेश देवान, गीता साहू, नीतू सिंह निषाद, रूक्मणि ध्रुव, रोशन ध्रुव, सूर्यकांत साहू, सत्यनारायण साहू, हेमंत साहू, उमेश साहू, उतरेश मरकाम, खिलेन्द्र नागवंशी, दानेश्वर साहू, इंद्र सेन, अनिल कुमार नेताम, संतोष ध्रुव ने बताया कि मंडल के अधीन दो संभाग संचालित हैं, जिसके अंतर्गत धमतरी और कांकेर जिले में बांध, महानदी, मुख्य नहर, महानदी प्रदायक नहर, उपनहर, लघु नहर के कार्य संचालित होते हैं। किंतु इन कार्यों की देखरेख के लिए कर्मचारियों की कमी है। कई रिटायर हो चुके हैं। कर्मचारियों की कमी के चलते नहर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। इन नहरों को ध्यान में रखते हुए बांधों और नहरों के रखरखाव, देखरेख के लिए स्थानीय युवक-युवती को भर्ती नियम के तहत नौकरी दी जाए। भर्ती के लिए स्थानीय युवकों के हित में नियम बनाए जाए ताकि डूब प्रभावित परिवार, बेरोजगार युवक-युवती को रोजगार पाने का अवसर मिल सके। सदस्यों ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी, गांधी मैदान में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। हड़ताल में धमतरी, कांकेर जिले के सभी सदस्य उपस्थित हो रहे हैं।

दूरबीन द्वारा जांच एवं ऑपरेशन | ऑडियोमेट्री एवं बेरा टेस्ट की सुविधा | किडनी डायलिसिस उपलब्ध | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन

उपलब्ध उपचार
• कान के संक्रमण, पर्दे मे छेद की समस्या
• कान की जन्मजात बीमारियों का इलाज
• मुंह व गले के कैंसर का निदान व इलाज़
• नाक की एलर्जी, श्वास मे समस्या
• चक्कर आना
• टॉन्सिल व एडेनॉइड का इलाज़
• खर्राटों का इलाज़
• नाक की हड्डी के टेढ़ेपन का इलाज़
• नाक से खून आना, नाक मे मस्से (polyp) का इलाज़
• आवाज, श्वासनली संबंधित बीमारियों का इलाज
• थाइरोइड की समस्या का इलाज़
• नाक, कान व गले के पुराने बिगड़े हुए ऑपरेशन का इलाज़
► सुनने की जांच व मशीन (Hearing-aid) की सुविधा



डॉ. महेंद्र धवने
MS (ENT)
नाक कान गला विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध



AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क इलाज उपलब्ध
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100

## खबर संक्षेप




### बरोंडाबाजार स्कूल में समर कैंप का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला बरोंडाबाजार में ग्रीष्मकालीन अवकाश में समर कैंप का आयोजन गया। जिसके अंतर्गत अलग-अलग दिन पेपरकार्फ्ट, ऊनी आर्ट, क्ले आर्ट के अंतर्गत अलग-अलग मटेरियल से तरह-तरह की चीजें बनाना, सहायक शिक्षण सामग्री बनाना सीखे और सिखाए गए। इस कैंप के संचालिका शिक्षिका रामेश्वरी साहू ने बताया कि दिन की शुरुआत रोज योग, प्राणायाम एवं मेडिटेशन से हुआ। समर कैम्प में बच्चे बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। समापन दिवस पर खूब मस्ती भरे गेम्स ने बच्चों का दिल दिल जीत लिया। पूरे कार्यक्रम का मार्गदर्शन डॉ अशोक गिरि गोस्वामी, जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी ने किया तथा वालंटियर के रूप में प्रभा चक्रधारी एवं वंदना साहू ने भरपूर सहयोग किया। समापन दिवस पर शाला के सभी शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे।



### छग शिक्षक संघ ने किया नवागन्तुक डीईओ से मुलाकात

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला महासमुंद ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए समय-समय पर शासन /प्रशासन स्तर पर सकारात्मक पहल की प्रतिबध्दता दोहराते हुए नवागन्तुक जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे से संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल में सर्वश्री उमेश भारती गोस्वामी कार्यकारी प्रान्ताध्यक्ष छग शिक्षक संघ, टेकराम सेन प्रांतीय उपाध्यक्ष, राजेश शर्मा जिलाध्यक्ष महासमुन्द, संगठन मंत्री राजेन्द्र इंगोले, अविनाश कुमार लाल विखं अध्यक्ष महासमुंद, डोमन सिंह टण्डन विखं अध्यक्ष बागबाहरा, कुबेर साहू, लक्ष्मीकान्त सिन्हा, डी. बसन्त साव, मानिक राम साहू, देवेन्द्र कुमार साहू, आकाश साहू, डां राजकुमार टण्डन उपस्थित रहे। सौजन्य भेंट कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक भागवत जगत भूमिल ने किया। उपरोक्त जानकारी जिला सहसचिव भगोली राम साहू ने दी है।

**शिविर :** खट्टी के शिविर में 13 पंचायतों के नागरिकों के समस्याओं का किया गया समाधान

# विकास कार्यों से बदलेगी गांव की सूरत: विधायक

हरिभूमि न्यूज ►► महासमुंद

सुशासन तिहार के तृतीय चरण अंतर्गत

■ विकास कार्यों के लिए फंड की कमी नहीं, सिकासेर जलाशय से महासमुंद के खेतों को मिलेगा पानी, हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत मिला प्रमाण पत्र





महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खट्टी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। योगेश्वर राजू सिन्हा ने मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, जनपद सदस्य पुष्पा ध्रुव, सरपंचगण, एसडीएम हरिशंकर पैकरा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विधायक सिन्हा एवं अतिथियों ने सर्वप्रथम विभागीय स्टॉल का निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली एवं हितग्राहियों से भी बातचीत की। संबंधित विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। इस शिविर में 13 ग्राम पंचायतों के नागरिकों ने भाग लिया और विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में 6428 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका निराकरण किया गया।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्रामीणजनों को महासमुंद क्षेत्र में हुए विभिन्न विकास कार्यों से अवगत कराया। विधायक सिन्हा ने कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के तहत अपने वादों को धरातल पर उतारते हुए जनता के विश्वास को मजबूती दे रहे हैं। उन्होंने शिविर में उपस्थित अधिकारियों को कहा कि अधिकारियों के प्रयास से आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लें और निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विष्णु के सुशासन में जनता की हर मांग पूरी की जाएगी। सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नागरिकों के द्वारा दिए गए आवेदनों का निराकरण अवश्य होगा। इस अवसर पर उन्होंने 13 ग्राम पंचायतों में स्वीकृत विकास के अनेक कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्रामवासियों की हर मांग प्राथमिकता के साथ पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि ग्राम खट्टी में महतारी सदन का भी निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा महतारी वंदन योजना का लाभ जिले के लाखों महिलाओं को मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत अनेक नवविवाहित माताओं और बहनों का नाम अभी तक नहीं जुड़ पाया है, जिसे शीघ्र जोड़ने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। ताकि, सभी पात्र महिलाएं इस योजना का लाभ ले सकें। अब कोई भी घर कच्चा और खपरैल का नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ऐसे आवासों को पक्का घर बनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सिकासेर जलाशय गरियाबंद के अतिरिक्त पानी को महासमुंद अंचल में सिंचाई के लिए पहुंचाने के लिए कार्य प्रारम्भ हो गया है। इससे बागबाहरा एवं महासमुंद ब्लॉक के अलावा पिथौरा ब्लॉक के जोंक नदी के तट तक एवं जोंक नदी में परसवानी बैराज से आगे पानी ले जाया सकेगा। जिससे लाखों एकड़ में सिंचाई हो सकेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि नहरों की मरम्मत और रख रखाव के लिए लाइनिंग कार्य के लिए लाखों रूपए की राशि स्वीकृत की जा रही है। जिससे टेल एरिया तक पानी आसानी से पहुंच सकेगा। इस अवसर पर जनपद सदस्य पुष्पा ध्रुव एवं सरपंच खट्टी अनिता मोती मेहरा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त किए।

शिविर में मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, योगेश्वर चंद्राकर, किशनु यादव, राजू मिर्धा, माखन सिन्हा, बोरियाझर सरपंच, रूखमणी भोई, बकमा सरपंच कृष्ण कुमार साहू, कोसरंगी सरपंच सुरेश कुमार साहू, शेर सरपंच अनिता साहू, मांगरा सरपंच रिखीराम साहू, मोरधा सरपंच चम्पेश्वरी साहू, झालखम्हरिया सरपंच अनेश्वरी चंद्राकर, उमरदा सरपंच जयसुधा चंद्राकर, धनसुली सरपंच कोमल, परसदा ख सरपंच मिथलेश कुमार सिन्हा, लभराकला सरपंच गीता एवं कनेकेरा सरपंच खेमीन देवदास, लोकेश साहू, संदीप घोष, राजू यादव, रमेश शर्मा उपस्थित थे। समाधान शिविर में 06 हितग्राहियों को प्राथमिकता राशन कार्ड, 09 हितग्राहियों को जॉब कार्ड, 02 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 03 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री अभिनंदन स्वीकृति पत्र, झालखम्हरिया के 09 कमार हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र एवं 02 लोगों को मृत्यु प्रमाण पत्र सौंपा गया। इसी तरह समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 लाभार्थियों को पेंशन स्वीकृत पत्र, मत्स्य विभाग द्वारा 02 हितग्राहियों को जाल का वितरण एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा जागृति महिला स्व सहायता समूह एवं उन्नति महिला स्व सहायता समूह को पौधे का वितरण किया गया।

### जिले में अब तक शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में 27 समाधान शिविर का आयोजन

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 27 समाधान शिविर का आयोजन हुआ है। जिसमें नगरीय निकाय में 04 एवं जनपद पंचायत अंतर्गत 23 शिविर आयोजित हुआ है। मंगलवार 20 मई को समाधान शिविर का आयोजना बसना विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम गढ़फुलझर प्राथमिक शाला, नगर पंचायत बसना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 03 मंगल भवन में एवं पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 पिथौरा शहीद भगतसिंह खेल मैदान में होगा। इसी तरह 21 मई को नगर पालिका महासमुंद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार, महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाली पूर्व माध्यमिक शाला, पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत सपोस गुरू घासीदास खेल मैदान में समाधान शिविर का आयेजन होगा। 22 मई को सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत जोगनीपाली माध्यमिक शाला तथा 23 मई को नगर पालिका परिषद सरायपाली कार्यालय परिसर में, पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बुन्देली पूर्व माध्यमिक शाला भवन, बसना विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत भूकेल स्वामी आत्मानंद स्कूल, बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बोडरीदादर एवं महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत झलप हाई स्कूल में शिविर आयोजित किया जाएगा।

# माता एवं भारत माता हमारे लिए सबसे पहले: अलका



हरिभूमि न्यूज ►► महासमुंद

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जिम्मेदार पाकिस्तान देश पर ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से माकूल जवाब देते हुए पाकिस्तान के आतंकवादी अड्डे को तहस नहस करते मुंह तोड़ जवाब दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक के बैनर तले ग्राम पतेरापाली में भव्य तिरंगे यात्रा निकाली गई। पूरे उत्साह के साथ ग्रामवासी सरपंच, उपसरपंच, समाज प्रमुख, मितानिन, आंगनवाड़ी, रोजगार सहायक आदि शामिल होते हुए रैली तिरंगा झंडा के साथ देशभक्ति नारे लगाते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया गया। अलका चंद्राकर ने कहा कि आज सेना के साथ देश का हर वर्ग हर धर्म हर जाति के लोग है। सेना के पराक्रम, वीरता को सलाम करते हैं। मातृशक्ति सोफिया कुरैशी, व्योमिका सिंह द्वारा ऑपरेशन सिंदूर का नेतृत्व करते हुए पाकिस्तान के सैकड़ों आतंकवादी और उनके ठिकाने को नष्ट किया गया। हमारे लिए जननी एवं जन्मभूमि सबसे प्रथम है। देश सुरक्षित है तो हम सब सुरक्षित है। देश का नेतृत्व आज सशक्त हाथों में है। आज गांव-गांव में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो हम सबके देश के प्रति प्रेम सेना के प्रति अगाध प्रेम को प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर सरपंच पद्मिनी बांधे, केशव यादव, संतू चंद्राकर, डोमार यादव, ललित बांधे, नेहा पटेल, भूखन ठाकुर, अनीता पटेल, पूर्णिया शुक्ला, संतोषी ठाकुर, सेवक पटेल, नेपाल ठाकुर, पदमा बांधे सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जिले में मानसून के लिए कलेक्ट्रेट में आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना

**आपदा नियंत्रण कक्ष के संचालन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त**

हरिभूमि न्यूज ►► महासमुंद

मानसून 2025 के दौरान प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला स्तर पर आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जा रही है। यह नियंत्रण कक्ष 1 जून 2025 से वर्षा ऋतु की समाप्ति तक कलेक्टर कार्यालय, कक्ष क्रमांक 20 में कार्यशील रहेगा। इस आपदा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07723-223505 तथा 'ईमेल आईडी msamund.cg@nic.in है। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से बाढ़ अथवा अन्य प्राकृतिक आपदाओं से हुई जनहानि, मकान क्षति एवं फसल क्षति की जानकारी शासन को प्रतिदिन प्रातः 9 बजे तक भेजना अनिवार्य है। यह जानकारी प्रपत्र 1 एवं प्रपत्र-2 के माध्यम से राहत आयुक्त कार्यालय के दूरभाष नम्बर 0771-2223471, फैक्स नम्बर 0771-2223472 तथा वेबसाइट http://cg.nic.in/varsha पर अपलोड की जाएगी। आपदा नियंत्रण कक्ष के संचालन के लिए अपर कलेक्टर डॉ. रविराज ठाकुर (मो.नं. 73895-77569) को नोडल अधिकारी एवं अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा प्रमोद कुमार (मो.नं. 75871-68979) को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

# भाजपा सरकार की प्राथमिकता क्या हैं शराब या शिक्षा : रश्मि

हरिभूमि न्यूज ►► महासमुंद



कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सवाल पूछते हुए कहा कि भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार की प्राथमिकता क्या हैं शराब या शिक्षा। आखिर किस ओर जा रहे हमारा छत्तीसगढ़ राज्य, सरकार आखिर कर क्या रही हैं, बच्चों के भविष्य से सीधा सीधा खिलवाड़ है ये। शराब को बढ़ावा देकर भी आप लोगों के भविष्य से खेल रहे हैं, क्या यही सुशासन है आपका। एक ओर 67 शराब दुकान खोल दिए और हर गांव में अवैध शराब बिक्री जोरों पर है। महुआ शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने बावजूद खुला संरक्षण दिया जा रहा है।

नए सेटअप के तहत शिक्षकों की न्यूनतम संख्या में कटौती और युक्तियुक्तकरण के नए नियम को जन विरोधी निर्णय करार देते हुए डॉ रश्मि ने कहा है कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने साय सरकार ने षड्यंत्र रचा है, जिससे छत्तीसगढ़ के हजारों स्कूल बंद हो जाएंगे। साय सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यम वर्ग परिवार के पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ेगा।

### दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ ने एनएचएम में कार्यरत संविदा कर्मी आरती यादव का पिछले दिनों विभागीय प्रताड़ना से हुई मौत के जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कलेक्टर ने खुदकुशी के मामले में जांच समिति बनाकर एक सप्ताह में रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। वहीं सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। यह जानकारी संघ के जिला अध्यक्ष राम गोपाल खूंटे ने दी है।

# आत्मानंद हिंदी विद्यालय में 15 दिवसीय समर कैंप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ►► महासमुंद




स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट आदर्श हिंदी विद्यालय में पंद्रह दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। साथ ही शाला के प्रधानपाठक के जन्मदिवस को भी धूमधाम से मनाया गया। समापन समारोह में बच्चों द्वारा सीखी गई विधाओं का प्रदर्शन किया गया। अतिथियों द्वारा पेंटिंग, रंगोली, मेंहदी, मिट्टी के खिलौने, कपड़े पर बनाए गए बांधनी प्रिंट, क्राफ्ट, कबाड़ से जुगाड़ द्वारा बनाए गई सामग्री का अवलोकन करते हुए प्रशंसा की गई।

कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई, जो बच्चों ने समर कैंप में सीखा था। मुख्य अतिथि के रूप में शाला के प्रधानपाठक चिंतामणि चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, उपप्राचार्य चमन चंद्राकर, बीआरसी जागेश्वर सिंहा रहे। बीआरसी सिन्हा ने कहा कि समर कैंप में बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलता है, सह संज्ञानात्मक क्षेत्रों में विकास होता है। विद्यार्थियों द्वारा रंगोली, पेंटिंग, नृत्य संगीत की प्रभावशाली प्रस्तुतियां अत्यंत ही मनमोहक थी। बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मक ऊर्जा ने यह सिद्ध किया कि ऐसे समर क्लासेस उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक और अत्यंत लाभकारी है, यह ना केवल उनके कौशल को निखारने का अवसर प्रदान करता हैं बल्कि उन्हें मंच पर प्रस्तुतीकरण करने का आत्मबल भी प्रदान करता है। शाला के प्राचार्य एवं उपप्राचार्य ने बच्चों को अपने उद्बोधन में कहा कि समर कैंप में जो भी सीखा है उसे घर पर अभ्यास करते रहे। ताकि, सालभर स्कूल में होने वाले गतिविधियों में भाग लिया जा सके। साथ ही शिक्षक चंद्राकर के जन्मदिवस पर उनकी प्रशंसा की गई। प्रधानपाठक चिंतामणि चंद्राकर द्वारा बच्चों को आशीर्वचन में कहा कि समर कैंप में सीखा गया प्रत्येक रचनात्मक कार्य उनके जीवन में कही ना कही अवश्य काम में आएगा।

सीखा गया कोई भी कार्य व्यर्थ नहीं जाता। उन्होंने छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रशंसा की।

उन्होंने जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए बच्चों एवं शिक्षकों को धन्यवाद भी दिया। कार्यक्रम में उनकी जीवनसंगिनी श्यामा चंद्राकर, पुत्री शीतल, पुत्र ऐश्वर्य के साथ उनके शिक्षक साथी नरेंद्र नायक, रामकुमार साहू, परस राम चौहान, सुशील शर्मा, बालकिशन चंद्राकर, जगन्नाथ साहू, इंदु देवांगन, अंजनी साहू, कमलेश चंद्राकर, मनोज साहू, शिवम चंद्राकर, वासिका राधा, लक्ष्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भगोली राम साहू एवं भारती सोनी ने किया।

# सात दिवसीय रामलीला का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ►► महासमुंद

शहर के वार्ड क्रमांक 5 व 6 नयापारा स्थित ठेठवार भवन चौक में 7 दिवसीय श्रीराम लीला कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी, वार्ड नं. 6 पार्षद सीता डोन्डेकर द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर पार्षद वार्ड नं. 4 राहुल आवड़े, भाजपा नेता गौरव राठी भी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि 7 दिवसीय श्रीराम लीला मंचन के कलाकार मध्यप्रदेश जिला मैहर के है। रोजाना शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक श्रीराम लीला का मंचन कलाकारों द्वारा किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी ने कहा कि श्रीराम लीला कार्यक्रम से हमें भगवान राम के मर्यादित जीवन व रामायण के किरदारों का जीवित चित्रण से उनके आदर्शो पर चलने की प्रेरणा मिलती है।

नयापारा के सभी लोगों को रामलीला का आनन्द लेना चाहिए। भगवान के प्रति हमारी आस्था को गहरा करने का अच्छा माध्यम है। राठी ने बताया कि 21 मई को 5 बजे लोहिया चौक में सिन्दूर यात्रा निकाली जाएगी, यह यात्रा देश के जवानों के शौर्य एवं पराक्रम के लिए निकाली जा रही है। साथ ही मशाल रैली भी होगी, जिसमें ज्यादा से ज्यादा मातृशक्तियों पहुंचकर देशभक्ति का परिचय देने की अपील की है।

## खबर संक्षेप



### अखण्ड त्रिदिवसीय मानस यज्ञ समारोह आज से

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में 20 मई मंगलवार से 23 मई शुक्रवार तक समस्त ग्रामवासियों द्वारा बाजार चौक लीला रंगमंच में अखण्ड त्रिदिवसीय मानस यज्ञ समारोह का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को कार्यक्रम स्थल पर स्थापित भगवान राम, गोकर्ण, ठाकुर की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया जाएगा। ग्राम व बाहर जिले के मानस मण्डलियों द्वारा मानस गान की प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमें सभी श्रद्धालुओं को आयोजन में शामिल होने की अपील की है। 23 मई शुक्रवार को कथा विश्राम, यज्ञ पूर्णाहुति एवम ग्राम भ्रमण शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### पिथौरा में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सीएचसी पिथौरा में संपन्न हुए मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 26 मरीजों को फ्री मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटेर्वेशन किया गया। मानसिक तनाव को कम करने के लिए टिप्स भी दिए गए। कैम्प में आए मरीजों और उनके परिजनों का काउंसलिंग भी किया गया। मरीजों को उचित देखभाल करने उनसे सामान्य व्यवहार, तनाव को कम करने की सलाह दी गई। शिविर डॉ. बीबी कोसरिया बीएमओ पिथौरा, डॉ. चित्रेस ड़ड़सेना सहायक नोडल, जयकांत विश्वकर्मा बीपीएम, जिला चिकित्सालय महासमुन्द मनोरोग विभाग से रामगोपाल खूंटे, साइकेट्रिक सोशल वर्कर टेकलाल नायक का सहयोग रहा।

**विडंबना: पौराणिक जंगलों, पर्वतों को अदानी के हवाले कर रही भाजपा सरकार**

# छग के हसदेव जंगल व ओड़िशा की गंदमार्दन पर्वत को भाजपा सरकार से खतरा: विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसले में देश के सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों को निर्देश दिए हैं कि वे आरक्षित वन भूमि के व्यक्ति विशेष या संस्थानों को किए गए आबंटन की जाँच करेगी जो वनों के हित में या जंगल से जुड़ा ना हो।

चंद्राकर ने कहा कि यदि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का छत्तीसगढ़ सरकार पालन करती है तो हसदेव जंगल की कटाई में तत्काल रोक लगना चाहिए। क्योंकि, हसदेव जंगल को मध्य भारत के फेफड़े के रूप में वर्णित किया जाता है। हसदेव की कटाई का भयंकर परिणाम हम वर्तमान में देख रहे हैं। बेतहाशा गर्मी व तापमान में अनियंत्रित रूप से वृद्धि होना हसदेव जंगल देवभूमि की कटाई का परिणाम है। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने जहां-जहां सरकारें बनाई वहां के प्राकृतिक तथा ऐतिहासिक स्थलों को नष्ट करने की योजना पहले से बना रखी है। ओड़िशा में भी भाजपा की सरकार आते ही गंदमार्दन पर्वत के आसपास सैकड़ों एकड़ जमीनों को अदानी कंपनी के हवाले किया गया है। गंदमार्दन पर्वत प्राकृतिक औषधियों से आच्छादित है। यह पर्वत पौराणिक मान्यताओं पर रामायण काल से जुड़ी है। ओड़िशा सहित छत्तीसगढ़ के लोगों की आस्था भी गंदमार्दन पर्व से जुड़ी है। बाक्साइट उत्खनन के लिए गंदमार्दन का अस्तित्व को समाप्त करने केंद्र सरकार व ओड़िशा की भाजपा सरकार ने मिलकर लाखों लोगों की आस्था को ठेंस पहुंचाई है।





चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिवासियों की देवभूमि हसदेव जंगल की पेड़ों की कटाई पर पूर्णतः रोक विधान सभा में प्रस्ताव पारित कर लगाया था। भाजपा ने विपक्ष में रहते हुए इस प्रस्ताव का समर्थन किया था। लेकिन, केंद्र की मोदी सरकार के दबाव में आकर छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने हसदेव जंगल की कटाई तथा कोयला उत्खनन करने काम अदानी कंपनी को दे दिया है। 2 माह पूर्व हसदेव क्षेत्र के परसा कोयला खदान में पेड़ों की कटाई का विरोध करने वाले आदिवासियों पर पुलिस ने बेरहमी से लाठीचार्ज किया। जिसमें आदिवासी नेता और हसदेव बचाओ संघर्ष समिति के कार्यकर्ता रामलाल करियाम समेत कई आदिवासी गंभीर रूप से घायल हो गये थे। आदिवासियों की परंपरा, सभ्यता तथा उनके आस्था से जुड़ी हसदेव वन भूमि की कटाई आदिवासियों के विरोध के बाद भी निर्बाध रूप से जारी है।

कोयला खनन के लिए 2.73 लाख से अधिक पेड़ों को काटने की योजना है। पहले ही 94,460 पेड़ काट दिए गए हैं। यह क्षेत्र छत्तीसगढ़ के आदिवासी समुदायों का निवास स्थान है। हसदेव की कटाई से वन्य जीवों को संकट, हाथी-मानव द्वंद्व तथा आदिवासियों की जंगल पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी। हसदेव जंगल के आसपास के सैकड़ों आदिवासी परिवारों के समक्ष जीविकोपार्जन का संकट उत्पन्न हो जाएगा।

# मातृशक्तिओं का सिंदूर के साथ मशाल रैली 21 को

**महासमुंद।** भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम से पाकिस्तानी आतंकवाद का खात्मा कर उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने वाले वीर जवानों के सम्मान में सर्वदलीय महिलाओं द्वारा 21 मई को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सिंदूर के साथ मशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है। सिंदूर और मशाल रैली के आयोजन की जानकारी देते हुए कार्यक्रम प्रभारी सुधा साहू ने बताया कि 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा पहलगाम में निर्दोष हिंदुओं का किए गए नरसंहार में अनेक महिलाओं का सिंदूर मिटा दिया गया और उनके सुहाग की निर्मम हत्या की गई। जिससे पूरे देश और महिलाओं में आतंकवाद के खिलाफ तीव्र आक्रोश का माहौल है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान द्वारा किए गए आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देते हुए उनके सैन्य ठिकानों को ध्वस्त करने में सफलता हासिल किया है। सुधा साहू ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि सेना के सम्मान और महिलाओं के स्वाभिमान की रक्षा के लिए सभी महिलाएं 21 मई को स्थानीय लोहिया चौक से लाल साड़ी पहने हुए माथे और हथेलियों पर सिंदूर लगाकर मशाल के साथ एक रैली का आयोजन कर भारत माता की जय, जय हिंद और वंदे मातरम के जयघोष के साथ देशप्रेम की भावना के साथ रैली में शामिल होंगी। 21 मई को शाम 5 बजे से लोहिया चौक से निकाली जाने वाली इस सिंदूर यात्रा में सर्वदलीय महिलाओं और सभी मातृशक्ति से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है। कार्यक्रम की तैयारी के लिए हुई बैठक में प्रमुख रूप से एतराम साहू, देवीचंद राठी, राजेन्द्र चन्द्राकर, हुलसी चन्द्राकर, पार्वती साहू, सुजाता विश्वनाथन, मीना वर्मा, शुभ्रा शर्मा, मधु यादव, उत्तरा प्रहरे, प्रभा साहू, भारती चन्द्राकर, प्रीति मक्कड़, सुनीता देवांगन, सुनीता साहू, प्रभा साहू, उषा पॉल, दुर्गा सार्वा, दुर्गा चन्द्राकर, रेखा देवार, महेंद्र सिका, रेखा बेहरा, रमा महानंद, सूर्या ठाकुर, ऋषभ बाफना शामिल रहे।

# वार्ड 16 पहुंचकर नपाध्यक्ष ने सुनी नागरिकों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शहर के वार्ड क्रमांक 16 पहुंचे। उन्होंने वार्ड के नागरिकों से मुलाकात कर उनक हाल जाना तथा उनकी समस्याएं सुनकर समाधान का अश्वासन दिया। वार्ड के घरों-घर जाकर नागरिकों से सफाई, पानी आदि की जानकारी ली। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर अवलोकन किया। नागरिकों की मांग व समस्याओं को सुनकर नपाध्यक्ष साहू ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। नालियों की नियमित सफाई, नलों से तीन समय पानी सतत उपलब्ध कराया जा रहा है। शिकायत मिलने पर महामाया मंदिर के पास बड़ी नाली में डंप कचरे की सफाई करवाई गई है। कचरा जाम होने से नाली में गंदगी व पानी निकाली नहीं हो पा रही थी। जेसीबी व सफाई कर्मी भेजकर तत्काल सफाई कराई गई। वार्ड भ्रमण के दौरान प्रमुख रूप से वार्ड पार्षद धनेंद्र विक्की चंद्राकर उपस्थित रहे।







**पाठक सूचना**

झलप एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें

संवाददाता : डिम्पल सिंह सलूजा झलप

सलूजा न्यूज एजेंसी

पता : सलूजा मोबाईल, झलप

मो. 9977000794

